भारत सरकार /GOVERNMENT OF INDIA
रेलमंत्रालय/ MINISTRY OF RAILWAYS
आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली
MODERN COACH FACTORY, RAEBARELI

Azadi ka Amrit Mahotsav

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक 02.08.2025

आरेडिका के फोर्ज्ड व्हील प्लांट ने रचा उत्पादन का नया कीर्तिमान

आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना के महाप्रबंधक श्री प्रशांत कुमार मिश्रा के कुशल नेतृत्व में एमसीएफ फोर्ज्ड व्हील प्लांट ने जुलाई 2025 में उत्कृष्ट उत्पादन उपलब्धियां हासिल की हैं। फोर्ज्ड व्हील प्लांट ने मासिक लक्ष्य 5,000 पहियों के मुकाबले 5,173 पहियों का निर्माण कर लक्ष्य को शानदार ढंग से पार किया।

वित्तीय वर्ष 2025–26 के प्रारंभिक चार महीनों में कुल उत्पादन 20,261 पहियों का रहा, जबकि लक्ष्य 20,000 था। यह गत वर्ष की समान अवधि के उत्पादन से 2.1 गुना अधिक है।

फोर्ज्ड व्हील प्लांट के इतिहास में 1 अगस्त को एक और उपलब्धि जुड़ गई जब पहली बार एक ही दिन में 408 पहियों का फोर्जिंग किया गया। इसके साथ ही 1 अगस्त को 504 पहियों का हीट ट्रीटमेंट कर एक नया रिकॉर्ड भी स्थापित किया गया।

ये उपलब्धियां फोर्ज्ड व्हील प्लांट टीम की निष्ठा, परिश्रम और समर्पण को दर्शाती हैं और आत्मनिर्भर भारत एवं आत्मनिर्भर रेलवे निर्माण की दिशा में एमसीएफ की बढ़ती भूमिका को सुदृढ़ करती हैं।

महाप्रबंधक एमसीएफ प्रशांत कुमार मिश्रा ने इस उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए पूरे फोर्ज्ड व्हील प्लांट दल को बधाई दी है।

महाप्रबन्धक महोदय ने बताया कि हम फोर्ज्ड व्हीलों के उत्पादन को लगातार योजनाबद्ध तरीके से बढा रहें हैं और इस वित्त वर्ष में हमने 60000 से ज्यादा व्हीलों के उत्पादन की योजना बनायी है। इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए हमारे सभी कर्मचारी, अधिकारी एवं संविदाकर्मी दृढसंकल्पित हैं।

(अनिल कुमार श्रीवास्तव)
जनसंपर्क अधिकारी